पो. रजि. नं. जयपुर सिटी/011/2021-2023, आरएनआई रजि नं. 48910/91 fb/seemasandesh1951 seemasandesh1951@gmail.com 0141-2700113 ■ जयपुर-श्रीगंगानगर (राज.) से एक साथ प्रकाशित ■ जोधपुर, कोटा, नागौर से प्रसारित

1951 में स्थापित

सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की

■ वर्ष : 33 ■ अंक : 78 ■ मूल्य : रु. 2.00 ■ पृष्ठ : 08

जयपुर, रविवार, 17 सितम्बर, 2023

ऑनलाइन पढ़े : epaper.seemasandesh.in

हवा में सापेक्ष आर्द्रता सुबह 82 % सांय 83 % अधिकतम तापमान 31.2° न्यूनतम तापमान 27.0° सीकर

जयपुर संभाग के 57 नवोदय विद्यालय थे शामिल

सीरी एवं बिट्स-पिलानी द्वारा की गई थी लघु विज्ञान-कुंभ की संयुक्त मेजबानी

क्षेत्रीय विज्ञान कांग्रेस 2023 का हुआ समापन

पिलानी (सीमा सन्देश सं)। क्षेत्रीय विज्ञान कांग्रेस 2023 का समापन सत्र सीएसआईआर-सीरी में आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम की मेजबानी संयुक्त रूप से सीएसआईआर- सीरी और बिट्स पिलानी द्वारा की गई थी।समापन समारोह में प्रो.सुधीर कुमार बरई, निदेशक, बिट्स-पिलानी मुख्य अतिथि थे। डॉ सुचंदन पाल, मुख्य वैज्ञानिक, सीएसआईआर-सीरी समारोह के विशिष्ट अतिथि थे।

संस्थान के सभागार में आयोजित समापन एवं विदाई समारोह में मुख्य अतिथि प्रो. सुधीर कुमार बरई ने अपने संबोधन में प्रतिभागी विद्यार्थियों के उत्साह एवं सक्रियता की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने अपने संबोधन में छात्रों को गुरुमंत्र देते हुए कहा कि ह्यसमर्पण, लगन और अनुशासन जीवन में सफलता का

आधार है। अंत में उन्होंने सभी प्रतिभागियों को भविष्य के लिए शुभकामना दी। विशिष्ट अतिथि डॉ सुचंदन पाल ने प्रतिभागी विद्यार्थियों का आह्वान किया कि उन्होंने जो कुछ भी इस पाँच-दिवसीय कार्यक्रम में दोनों विख्यात संस्थानों में सीखा है उसका जिम्मेदार विद्यार्थी के रूप में अपने जीवन में उपयोग करें तथा पर्यावरण और वातावरण के प्रति भी सजग रह कर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने संस्थान के विद्यार्थी-वैज्ञानिक संपर्क कार्यक्रम 'जिज्ञासा' के माध्यम से संस्थान के वैज्ञानिकों से संपर्क करने के लिए आमंत्रित किया।

11 से 15 सितंबर, 2023 तक आयोजित इस लघु विज्ञान-कुंभ में नवोदय विद्यालय समिति, जयपुर संभाग के 57 जवाहर नवोदय विद्यालयों के 112 मेधावी छात्र-छात्रात्रों ने अपने शिक्षकों के साथ सक्रिय प्रतिभागिता की।

उन्हें क्लाइमेट क्लॉक की असेम्बली का प्रशिक्षण दिया गया। समापन सत्र से पूर्व विद्यार्थियों ने संस्थान के वैज्ञानिकों एवं अन्य सहकर्मियों के मार्गदर्शन में हाइड्रो-रॉकिट भी तैयार किए। श्री प्रमोद तंवर, प्रधान वैज्ञानिक और प्रमुख, पीएमई ने सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में आयोजित जलवायु घड़ी असेम्बली एवं डिस्प्ले ईवेन्ट सहित समापन एवं विदाई समारोह का समन्वयन किया। समापन सत्र के संचालन के दौरान उन्होंने आमंत्रित अतिथियों और विद्यार्थियों का औपचारिक स्वागत किया। कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी के लिए छात्रों को ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। अपने फीडबैक में बच?चों ने आयोजन की संकल्पना के साथ-साथ भव्य तरीके से इस आयोजन को मूर्त रूप देने के लिए सीरी एवं बिट्स के प्रति आभार व्यक्त किया। संजय कुमार यादव, प्रधानाचार्य, जवाहर नवोदय विद्यालय, काजड़ा क्षेत्रीय विज्ञान कांग्रेस के मुख्य समन्वयक थे। उन्होंने इस आयोजन की संयुक्त मेजवानी और सभी प्रकार के सहयोग के लिए सीरी एवं बिट्स के निदेशक डॉ पंचारिया और प्रोफेसर बरई के प्रति आभार व्यक्त किया। अंत में नवोदय विद्यालय के नरेन्द्र सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।